चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी0ए0/3642
दिनांक : 01.06.2021

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर,
मेरठ।

महोदय/महोदया,

कृपया दिनांक 31.05.2021 को मा0 कुलाधिपति महोदया, उत्तर प्रदेश द्वारा विश्वविद्यालय स्तर पर किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी, जिसके माध्यम से अपेक्षा की गयी है कि ग्रामीण अंचल की छात्राओं /शिक्षित महिलाओं /महिला ग्राम प्रधानों को शिक्षा के क्षेत्र में सहभागिता एवं साफ सफाई/कोविड–19 के दृष्टिगत टीकाकरण के प्रति प्रेरित करने के साथ साथ सरकारी विभागीय योजनाओ की जानकारी दिये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया है।

उक्त के क्रम में मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार आप अपने–अपने महाविद्यालय/संस्थान/परिसर के शिक्षकों के माध्यम से अपने परिक्षेत्र में स्थित गॉवों की शिक्षित/बेरोजगारों महिलाओं व महिला ग्राम प्रधानों को शिक्षा के क्षेत्र में सहभागिता एवं साफ सफाई तथा कोविड–19 के दृष्टिगत रखते हुये टीकारण कार्यक्रम्र के प्रति प्रेरित करने के साथ सरकारी विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुऐ जनजागरण अभियान चलाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,
01-06-2021
कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
03. प्रेस प्रवक्ता, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
04. प्रभारी वेबसाइट, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

कुलसचिव